टीएसपीडीएल का टर्नओवर हुआ 1600 करोड़

जमशेदपुर, जागरण कार्यालय : टाटा स्टील प्रोसेसिंग एंड डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टाटा रायसन) को 1600 करोड़ की टर्नओवर वाली कंपनी बनाने में ग्राहकों की अहम भूमिका है। ये बातें रविवार को बेल्डीह क्लब में आयोजित कस्टमर मीट-2011 में कंपनी के प्रबंध निदेशक संदीपन चक्रवर्ती ने कही। बताया कि टाटा ग्रुप की विश्वसनीयता व ग्राहकों के साथ संबंध ही उसका मुख्य आधार है। स्वागत संबोधन में कंपनी के महाप्रबंधक ओमप्रकाश ने 2015 तक कंपनी के ग्रोथ प्लान की जानकारी दी। टाटा स्टील के मुख्य प्रबंधक (सेल्स) संतोष एंटोनी ने गुणवत्तापूर्ण स्टील उपलब्ध करवाते रहने का आश्वासन दिया। टाटा मोटर्स के महाप्रबंधक मोहन कुमार ने 2015 तक कंपनी में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी। एकमा के चेयरमैन किलोल कमानी ने टीएसपीडीएल के कस्टमर रिलेशन की सराहना की। कार्यक्रम में

- कंपनी विकास में ग्राहकों की अहम भूमिका : संदीपन

बेल्डीह क्लब में उपस्थित वेंडर

टाटा मोटर्स के वरीय महाप्रबंधक पीके सिन्हा, टाटा स्टील के वरीय पदाधिकारी सुधांशु पाठक, संतोष एंटोनी, श्रीराम कुमार, आरएसबी ट्रांसमिशन के एमडी एसके बेहरा, टीएसपीडीएल के सीईओ अब्राहम स्टीफेंस, श्यामल चक्रवर्ती, अशोक बलियान, जयदेव चांद आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पौलोमी चटर्जी व धन्यवाद ज्ञापन सौमित्र मुखर्जी ने किया।